p>

Title: Need to ban chinese social media Apps used by the people in our country.

**श्री लल्लू सिंह (फैजाबाद):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आज देश में चीन से संचालित बहुत सारे ब्राउज़र अपने देश में चल रहे हैं, जैसे टिकटॉक, हैलो, यू.सी.ब्राउज़र आदि । इनका उपयोग देश के नौजवान भारी संख्या में कर रहे हैं । इन ब्राउज़रों के माध्यम से साम्प्रदायिकता, जातिवादिता और अश्लीलता का प्रचार हो रहा है, जिसके कारण समाज में गलत संदेश जा रहा है और इस देश के नौजवानों की दिशा गड़बड़ा रही है । यह भी संभावना है कि इन ब्राउज़रों से अन्य देशों के लोगों ने समझौता कर रखा हो, जो हमारे देश के डाटा को लेकर उसका दुरुपयोग कर रहे हों, और हमारे साइबर सेल को भी नुकसान पहुंचा रहे हों । इसलिए आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करता हूं कि इन पर प्रतिबंध लगाया जाए और भारतीय स्टार्ट अप के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाए ताकि हम अपना ऐप बनाकर दुनिया भर में भारत की गरिमा और महिमा को बढ़ा सकें । धन्यवाद ।